29/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यसभा में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बलों को बधाई दी। चर्चा में भाग लेते हुए, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम की घोषणा पर सरकार से सवाल किया। चर्चा जारी है।

0000000000000000000

रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया है कि इस वर्ष 30 जून तक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत कुल 16,912 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, सुश्री पटेल ने बताया कि सरकार ने मार्च 2027 तक 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार ने सभी को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए यह योजना शुरू की है।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आज अपने पाँच वर्ष पूरे कर रही है। पिछले पाँच वर्षों में, इस नीति ने भारत में एक अधिक समावेशी, शिक्षार्थी-केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करती है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति को उसकी मूल भावना के अनुसार लागू करने, शिक्षकों को सशक्त बनाने, कक्षाओं में बदलाव लाने और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने कल राजभवन, ईटानगर से राज्य की पर्वतारोही काबाक यानो को उनके 7वीं-शिखर पर्वतारोहण अभियान के लिए रवाना किया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री कैंतो जिनी की उपस्थिति में, पर्वतारोही को तिरंगे के साथ अरुणाचल प्रदेश के लोगो और आइस ऐक्स भी औपचारिक रूप से सौंपा गया। उन्होंने उनके मिशन के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की उनकी पिछली उपलब्धि के लिए सम्मानित करते हुए, राज्यपाल ने काबाक यानो को 'लैंड ऑफ़ राइज़िंग सन' प्लैक भी भेंट की।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार ने कल ईटानगर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव कृष्णा कुमार निराला के साथ बातचीत की। चर्चा मुख्य रूप से FTII, पोमा के बुनियादी ढाँचे के विकास की स्थिति और अन्य ज़रूरी मुद्दों पर केंद्रित थी। साथ ही FTII और राज्य सरकार के आईपीआर विभाग के बीच समन्वय को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया गया। मुख्य सचिव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के साथ साझेदारी से, आने वाले दिनों में FTII, पोमा के सामने आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सकेगा।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री, पासांग दोरजी सोना ने शिक्षा आयुक्त, अमज़ाद ताक के साथ शिक्षा के क्षेत्र में स्पेशल स्कूल के समर्पित प्रयासों को समझने एवं उनसे सीखने के उद्देश्य से कल नई दिल्ली स्थित आंचल स्पेशल स्कूल का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री सोना ने कहा कि विशेष शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास कर रहे छात्रों और कर्मचारियों से बातचीत करके उन्हें बहुत खुशी हुई।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिला प्रशासन ने आज चायंगताजो में "सेवा आपके द्वार" शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर के दौरान, मौके पर ही स्वास्थ्य जाँच, ST/PRC जारी करना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन के लिए नामांकन, आधार अपडेट, बैंकिंग सेवाएँ और अन्य विभागीय योजनाएँ उपलब्ध कराई गईं।

0000000000000000000000

आज तवांग में राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं, ईटानगर द्वारा संयुक्त रूप से भूकंप की तैयारियों पर एक व्यापक मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

00000000000000

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज कर्मचारियों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज यिंगकिओंग में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व विकास, लैंगिक संवेदनशीलता और अंतर-विभागीय समन्वय पर केंद्रित क्षमता निर्माण के माध्यम से ग्रामीण शासन को सुदृढ़ बनाना है। यह प्रशिक्षण राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा अपर सियांग जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

00000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 8 जिलों ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, ईस्ट सियांग, आंजाव, लोहित, नामसाई और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने की सभावना है।

0000000000000000